# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

# के तहत विभिन्न स्कूलों में हुआ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए चला जागरूकता



**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की जागरूकता के लिए मानगो नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि स्कूलों में बच्चों और उनके अभिभावकों तक स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित संदेश पहुंचाया जा रहा है. अभियान के तहत गुरुवार को कई स्कूलों में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण संबंधी प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता का कार्य किया गया. स्वच्छता ब्रांड में चित्रों द्वारा स्कूल के प्राचार्य से मिलकर बच्चों और उनके अभिभावकों, बड़े बुजुर्गों अन्य को

स्वच्छता प्रतियोगिता 2022 में भागीदारी
सुनिश्चित किया गया. स्कूलों
सर्वेक्षण 2022 संबंधी
उपलब्ध कराया गया. आ
डिमना, माउंट व्यू स्कू
कॉलेज, कबीर मेमो
लिटिल हार्ट हाइ
कॉलेज, एम
आजादनगर, ब्लू
प्वाइंट स्कूल,
विद्यालय, डि
आजादनगर
सहित कई स्
2022 के
किया गया.
विजय मोह

## मानगो को स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग दिलाएंगे विद्यार्थी

**नगर निगम**

**जमशेदपुर ।** मानगो नगर निगम के कर्मचारियों ने गुरुवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने यह आदेश दिया था। इससे शिक्षकों के साथ स्कूली बच्चों एवं परिजनों को स्वच्छता का महत्व बताकर सर्वेक्षण की जानकारी दी गई। नगर निगम कर्मचारियों ने स्कूली बच्चों से कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में आप सभी को भाग लेना चाहिए। कई स्कूलों में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण संबंधी प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाने के साथ चित्रों द्वारा स्कूली बच्चों को जानकारी दी गई। वहीं, प्राचार्य से मिलकर बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता प्रतियोगिता 2022 में भागीदारी सुनिश्चित की गई।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सुनिश्चित की गई शहरवासियों की भागीदारी

❖ ❖ ❖

स्कूलों के लिए क्यूआर कोड भी हुए जारी

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA